राष्ट्रीय हिंदी, साप्ताहिक खबरें
जनती की समस्या, हर पल टाइम्स की खबर

# HAR PAL TIMES
# हर पल टाइम्स

RNI No. : MAHHIN/2011/24374
कार्यकारी संपादक : जमील जी. खान

वर्ष : ११ | अंक : १५ | मुंबई, शुक्रवार, १० दिसंबर से १६ दिसंबर २०२१ | पृष्ठ : ४ | मुल्य : रू. २/-

# सुरक्षा में चूक! वायुसेना का हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

## सीडीएस बिपिन रावत सहित १३ लोगों की मौत

**कुन्नूर :** तमिलनाडु के कुन्नूर के पास दि. ८ दिसंबर को दोपहर में भारतीय वायु सेना का एमआई-१७वी५ हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस भीषण हादसे में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी सहित १३ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। आखिर सुरक्षा घेरे में क्या चूक हो गई कि इतना बड़ा हादसा हो गया? इसे लेकर सुरक्षा पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

तमिलनाडु के कुन्नूर में बुधवार दोपहर करीब १२ बजकर २० मिनट पर हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। उसमें जनरल रावत की पत्नी मधुलिका रावत समेत ब्रिगेडियर एलएस लिद्दर, लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिंदर सिंह, नायक गुरसेवक सिंह, नायक जितेंद्र कुमार, लांसनायक विवेक कुमार, लांसनायक बी. साई तेजा और हवलदार सतपाल सहित १४ लोग सवार थे। इस दुर्घटना के बारे में पहले खबर आई कि हादसे में घायल हुए कुछ लोगों को गंभीर हालत में वेलिंगटन के मिलिट्री अस्पताल ले जाया गया। वहां से करीब



साढ़े पांच घंटे तक खबर आती रही कि जनरल रावत और उनकी पत्नी समेत कुछ अफसर बुरी तरह घायल हुए हैं लेकिन फिर बारी-बारी से मौत की खबर आने लगी। देर शाम सबसे बुरी खबर आई कि जनरल रावत नहीं रहे, उनकी पत्नी मधुलिका की भी मौत हो गई है। हादसा तब हुआ, जब जनरल रावत कुन्नूर में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस (पृष्ठ 3 पर)

### चॉपर क्रैश की जांच करेंगे एयर मार्शल मानवेंद्र सिंह



**नवी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को संसद के दोनों सदनों को यह जानकारी दी कि कुन्नूर चॉपर क्रैश मामले की ट्राई-सर्विस इनक्वॉयरी कराई जाएगी। इस हादसे में देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) बिपिन रावत, उनकी पत्नी और ११ अन्य जवानों की मौत हो गई थी। संसद में गुरुवार को राजनाथ सिंह ने बताया कि इस ट्राई सर्विस टीम की अगुवाई एयर मार्शल मानवेंद्र सिंह करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि मानवेंद्र सिंह बुधवार को ही वेलिंगटन पहुंच चुके हैं और मामले की जांच भी शुरू कर चुके हैं। आईएएफ के अधिकारियों के मुताबिक, एयर मार्शल मानवेंद्र सिंह भारतीय वायुसेना के ट्रेनिंग कमांड के कमांडर हैं और खुद भी हेलीकॉप्टर पायलट हैं।

## पत्रकारों को धमकाने के लिए ना हो ताकत का इस्तेमाल, ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने दी यह नसीहत

**कोलकत्ता :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक विचारों या पत्रकारों को दबाने के लिए राज्य बल का इस्तेमाल कभी भी नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि, शीर्ष अदालत ने इसके साथ यह भी कहा कि राजनीतिक वर्ग को भी अपने उन विचारों पर आत्मनिरीक्षण



करना चाहिए, जिन्हें वो देश के सामने व्यक्त कर रहा हैं और ट्विटर के इस युग में पत्रकारों की जिम्मेदारी बढ़ी है और उन्हें इसे ध्यान में रखते हुए काम करना चाहिए। न्यायाधीश एस.के. कौल और एमएम सुंदरेश की पीठ ने यह टिप्पणियां पश्चिम बंगाल में कुछ लेखों के प्रकाशन को लेकर एक समाचार वेब पोर्टल के संपादकों और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करते हुए की। पीठ ने कहा कि अपनी विविधता पर गर्व करने वाले हमारे देश में विभिन्न विचारों और अलग-अलग राय का होना लाजिमी है। इनमें राजनीतिक विचार भी शामिल होते हैं। यह लोकतंत्र का मूल है।

पीठ ने कहा कि राज्य बल का इस्तेमाल किसी राजनीकि विचार का दमन करने या किसी पत्रकार को उस वस्तु के लिए दबाने के लिए बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए जो पहले से ही सार्वजनिक क्षेत्र में मौजूद है। इसने कहा कि इसका मतलब यह कतई नहीं है कि इससे पत्रकारों की जिम्मेदारी कम हो जाती है कि वह किसी घटना को कैसे रिपोर्ट करते है। ट्विटर के इस युग में पत्रकारों की जिम्मेदारी में और इजाफा हुआ है। (पृष्ठ 3 पर)

### यह कहानी नहीं हक़ीक़त है...!



१) भारत देश में ओमिक्रॉन के बढ़ने की खबरे, जनता कानून का पालन करें।

२) किसान की घर वापसी... १५ दिन तक राकेश टिकैत जायेंगे घर किसान की जीत सरकार ने रद्द किये आपने कानून, किसान ने मनाई खुशियां।

३) यूपी में २०२२ के चुनाव को लेकर पार्टियां कर रही तैयारी। मुस्लिम वोट किस के ओर होंगे।

४) देश में महंगाई कब कम करेगी सरकार?

५) देश के कई इलाकों में डॉक्टर की हड़ताल से जनता को उठानी पड़ रही है परेशानी।

६) तमिलनाडु में हेलीकॉप्टर गिरने से १३ की मौत, बिपिन रावत और पत्नी के साथ ११ खास लोगों की मौत, देश में गम का माहौल।

७) मध्यम लोगों की जिंदगी एक पटरी पर कब आयेगी?

८) कोई भी चुनाव आने पर सरकार बीजी हो जाती है और जनता परेशान हो जाती है। जवाबदार कौन?

## खाड़ी के ६ देशों से घर वापस आए ७ लाख से ज्यादा कामगार

### वंदे भारत मिशन के तहत लाई मोदी सरकार

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वंदे भारत मिशन के तहत खाडी के ६ देशों से करीब ७,१६,६६२ कामगारों को वापस लाया गया। सरकार ने यह भी कहा है कि भारतीय मिशन उनके भुगतान और अर्थव्यवस्था में सुधार की वजह से नई भर्तियों को लेकर कामगरों की वापसी के लिए इन देशों से बात कर रहे हैं।

कोरोना वायरस महामारी की वजह गल्फ देशों से कामगारों की वापसी को लेकर लोकसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में विदेश मंत्री एस जयशंकर



ने कहा कि कोविड-१९ के प्रभाव की वजह से बडी संख्या में भारतीय कामगार खाडी देशों से वापस आए, लेकिन क्षेत्र में आर्थिक सुधार और भारत से यात्रा में खुलेपन की वजह से इनमें से कई वापस लौट रहे हैं।

विदेश मंत्री ने लिखित जवाब में कहा, सरकार के आकलन के मुताबिक वंदे भारत मिशन (पृष्ठ 3 पर)


Let's Join Media to Fight Against Corruption & Crime
Low Cost Franchisee Opportunity



CRIME
THE MOST WANTED T.V. NEWS
HAR-PAL T.V. NEWS
Crime Investigation News
Contact : 7498535286
Website : www.crimeinvestigationharpaltv.com / Email : harpaltimes.press@gmail.com
Mumbai Office : 2-B, Nityanand Nagar, KC Marg, Opp. Reclamation Bus Depot, Behind ONGC Colony,
Next to Lilavati Hospital, Bandra (W), Mumbai - 400 050.
Samhitha Residency, B1. Rkm Layout, Margondahalli, Banglore.

*।। निर्भीक पत्रकारिता लोकतंत्र की आवश्यकता ।।*

# संपादकीय



## मिले जो सबक

कुन्नूर में हुए हेलीकॉप्टर हादसे में पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी और सैन्य अधिकारियों की मौत बेहद दुखद है। पर्याप्त सावधानी और तैयारी के बावजूद हुआ यह हादसा विस्तृत जांच की मांग करता है। सेना इसकी विस्तार से जांच करेगी और इसके कारण भले ही बहुत स्पष्ट रूप से देश के सामने न आएं, लेकिन सेना को इतना तो सुनिश्चित करना ही होगा कि ऐसे हादसे की नौबत फिर न आए। अफसोस, उतरने से कुछ ही देर पहले बीच जंगल में यह हादसा हुआ है, जिसमें पांच से अधिक सैन्य अधिकारियों की जान चली गई है। यह एक ऐसा हादसा है, जिसकी चर्चा आने वाले कई दशकों तक होती रहेगी। ऐसे हादसे न केवल इतिहास को नया मोड़ देते हैं, जरूरी सुधार के लिए विवश भी करते हैं। यह देखने वाली बात है कि क्या एमआई-१७ देश का सबसे सुरक्षित हेलीकॉप्टर है? क्या यह सच है कि इस ब्रांड के हेलीकॉप्टर छह से अधिक बार परेशानी का कारण बन चुके हैं या दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं? क्या यह सही है कि चालीस से ज्यादा लोगों की मौत इससे जुडे हादसों में पहले हो चुकी है? अब विश्वसनीय माने जाने वाले इस हेलीकॉप्टर की गुणवत्ता को नए सिरे से जांच लेना चाहिए। क्या यह हवाई वाहन सेवा के लिए मुफीद है?

भारत की गणना दुनिया में सक्षम अर्थव्यवस्थाओं में होने लगी है, हम सैन्य मामलों में भी कतई अभावग्रस्त नहीं हैं। अत: देश में विशेष रूप से विशिष्ट लोगों की सुरक्षा और संसाधनों से कोई समझौता नहीं करना चाहिए। हवाई उड़ानों या कहीं पहुंचने की जल्दी से ज्यादा जरूरी है सवारियों की सुरक्षा। हवाई यात्राओं को दुनिया में सबसे सुरक्षित यात्राओं में गिना जाता है, क्योंकि इन यात्राओं की सुरक्षा को सोलह आना सुनिश्चित करने का प्रावधान तय है! क्या इस हादसे में सुरक्षा संबंधी किसी प्रावधान से समझौता किया गया था? मामला सेना का है, तो उसे अपने ही स्तर पर जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। सेना की कमियों पर गोपनीयता की यथोचित चादर स्वाभाविक है, लेकिन सेना अपनी सुरक्षा ऐसी रखे कि किसी के लिए उंगली उठाने की गुंजाइश न रहे। समय के साथ एकाधिक पुराने या खटारा होते विमानों को विदा किया गया है और नए विमानों को बेड़े में शामिल किया गया है। अब जरूरी है कि उन विमानों या हेलीकॉप्टरों को भी परखा जाए, जिनका उपयोग सेना अपने आवागमन के लिए करती है। भारत विशाल देश है और तरह-तरह की सीमाओं से घिरा है। कहीं बर्फ की चादर है, तो कहीं ठोस पहाडियां, तो कहीं घने जंगल, तो कहीं विशाल सागर। ऐसे तमाम मोर्चों पर सैन्य अधिकारियों को जाना पडता है और उनकी यात्राओं में पहले की तुलना में ज्यादा इजाफा हुआ है। सेना की सक्रियता इसलिए भी बढ़ी हुई है, क्योंकि भारत एकाधिक सीमाओं पर सीधे तनाव के रूबरू है।

अब समय आ गया है, जब कोताही की रत्ती भर गुंजाइश न छोड़ी जाए। एक-एक भारतीय का जीवन बहुमूल्य है और उसमें भी एक-एक जवान का जीवन तो अनमोल है। सरकार को पूरी तैयारी के साथ सामने आना चाहिए और देश को आश्वस्त करना चाहिए कि ऐसे हादसे फिर नहीं होंगे। जिन अधिकारियों की मौत हुई है, उन्हें हम तभी सच्ची श्रद्धांजलि दे पाएंगे, जब हम इस हादसे से जरूरी सबक लेंगे और अपने आपको को पहले की तुलना में ज्यादा मजबूत करेंगे।

# हेलीकॉप्टर क्रैश में जान गंवाने वाले 11 सैन्यकर्मी कौन थे? जानें उनके बारे में सबकुछ




तमिलनाडु में कुन्नूर के निकट बुधवार को हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सीडीएस जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका रावत के अलावा, जिन ११ सैन्य कर्मियों की जान चली गई। इस दुर्घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। कल देर शाम सभी जवानों के पार्थिव शरीर को दिल्ली लाया गया।

पालम एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और एनएसए अजित डोभाल सहित कई लोगों ने श्रद्धांजलि दी। आज जनरल रावत और उनकी पत्नी का अंतमि संस्कार किया जाएगा।

**हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जान गंवाने वाले ११ सैन्यकर्मियों के परिचय**

**ब्रिगेडियर एल. एस. लिद्दर :** उन्हें दिसंबर १९९० में जम्मू-कश्मीर राइफल्स (जेएकेआरएफ) में शामिल किया गया था। ब्रिगेडियर लिद्दर ने कांगो में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के साथ जेएकेआरएफ की एक बटालियन की कमान संभाली थी। उन्होंने भारत की उत्तरी सीमाओं पर एक ब्रिगेड की कमान भी संभाली। उन्होंने सैन्य संचालन निदेशालय में निदेशक के रूप में कार्य किया। ब्रिगेडियर लिद्दर जनवरी २०२१ से सीडीएस के रक्षा सहायक थे। उन्हें मेजर जनरल रैंक देने को मंजूरी दी जा चुकी थी। उन्हें एक डिविजन का प्रभार संभालना था। ब्रिगेडियर लिद्दर के परिवार में पत्नी गीतिका लिद्दर और बेटी आशना लिद्दर है। उनका जन्म २६ जून १९६९ को हुआ था।

**लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिंदर सिंह :** १७ अप्रैल, १९७८ को जन्मे हरजिंदर सिंह को सितंबर २००१ में भारतीय सेना में शामिल किया गया था। उन्होंने गोरखा राइफल्स रेजिमेंट में रहते हुए देश के उत्तर-पूर्व में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) और जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भी काम किया। लेफ्टिनेंट कर्नल सिंह ने सिक्किम स्काउट्स के साथ-साथ कोर मुख्यालय में एक स्टाफ अधिकारी के रूप में कार्य किया। उन्होंने देहरादून में भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में प्रशिक्षक के रूप में भी सेवाएं दीं। उनके परिवार में पत्नी मेजर (रिटायर्ड) एग्नेस पी मेनेजेस और बेटी प्रीत कौर हैं।

**हवलदार सतपाल राय :** सतपाल राय गोरखा राइफल्स रेजिमेंट का हिस्सा थे। वह मार्च २००२ में भारतीय सेना में भर्ती हुए। उन्होंने सियाचिन, नौशेरा, नगालैंड और साथ ही मणिपुर में भी सेवाएं दीं। उनका बेटा पिछले एक साल से उसी यूनिट में सेवारत है, जहां वह कार्यरत थे।

**नायक गुरुसेवक सिंह :** गुरुसेवक सिंह पैरा स्पेशल फोर्सेज का हिस्सा थे। वह मार्च २००४ में भारतीय सेना में शामिल हुए थे। गुरुसेवक सिंह ने लद्दाख के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर में भी अपनी सेवाएं दीं। वह विध्वंस विशेषज्ञ और हथियार रहित युद्ध और करीब से होने वाली लडाई लडने में भी माहिर थे।

**लांस नायक विवेक कुमार :** विवेक कुमार पैरा स्पेशल फोर्सेज का हिस्सा थे। वह दिसंबर २०१२ में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ चीन सीमा पर भी सेवाएं दीं। लांस नायक कुमार कॉम्बैट फ्री फॉल के विशेषज्ञ थे। वह संचार विशेषज्ञ होने के साथ-साथ हथियार रहित युद्ध में भी माहिर थे।

**लांस नायक जितेंद्र कुमार :** लांस नायक जितेंद्र कुमार पैरा स्पेशल फोर्स का हिस्सा थे। वह मार्च २०११ में भारतीय सेना में शामिल हुए थे। उन्होंने भारत-पाक सीमा पर रेगिस्तानी इलाकों में सेवाएं दीं। उन्होंने पिथौरागढ़ और जम्मू-कश्मीर के पास एलएसी पर भी काम किया। वह एक विशेषज्ञ स्नाइपर और संचार युद्ध के माहिर थे।

**लांस नायक बी साई तेजा :** बी साई तेजा पैरा स्पेशल फोर्स का हिस्सा थे। वह जून २०१३ में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश में एलएसी पर अत्यधिक ऊंचे इलाके में अपनी सेवाएं दीं। लांस नायक तेजा मणिपुर और नगालैंड में आतंकवाद रोधी अभियान में भी शामिल थे। वह मिश्रित मार्शल आर्ट, हथियार रहित युद्ध, संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के विशेषज्ञ थे।

**विंग कमांडर पीएस चौहान :** पीएस चौहान जून २००२ में एक हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) में शामिल किया गया था और वह आगरा के रहने वाले थे।

**स्क्वाड्रन लीडर कुलदीप :** कुलदीप को जून २०१५ में एक हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था और वह राजस्थान के घरदाना खुर्द से ताल्लुक रखते थे।

**जूनियर वारंट अधिकारी आर पी दास :** आर पी दास जून २००६ में भारतीय वायुसेना में भर्ती हुए हुए थे और एक फ्लाइट इंजीनियर थे। वह अंगुल, ओडिशा के रहने वाले थे।

**जूनियर वारंट अधिकारी ए प्रदीप :** प्रदीप जनवरी २००४ में भारतीय वायुसेना में भर्ती हुए थे। वह एक फ्लाइट गनर थे। वह केरल के त्रिशूर से ताल्लुक रखते थे।

# शराब को लेकर हुए विवाद में दोस्तों ने व्यक्ति की हत्या की

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे में कथित तौर पर शराब पीने के दौरान हुए विवाद में तीन लोगों ने अपने एक दोस्त की हत्या कर दी। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

सहायक पुलिस आयुक्त वेंकट एंदाले ने बताया कि यह घटना यहां कलवा इलाके में इंदिरा नगर क्षेत्र में बृहस्पतिवार-शुक्रवार की दरमियानी रात हुई। उन्होंने बताया कि २२ वर्षीय गुलाब सलामत शेख का शव शुक्रवार सुबह मिला जिस पर कई घाव थे। अधिकारी ने बताया कि बाद में पुलिस को पता चला कि शेख को शराब पीने और उसका भुगतान करने को लेकर हुए विवाद में कथित तौर पर उसके दोस्तों ने मार डाला। उन्होंने बताया कि आरोपी आकाश किशन पलाश (२०), सन्नी धानु सोनकर (२३) और फैजल फैयास खान (२४) को शुक्रवार रात गिरफ्तार कर लिया गया।

## शराब के नशे में पत्नी का सिर धड़ से कर दिया अलग, पति ने थाने में जाकर किया सरेंडर

**हैदराबाद :** तेलंगाना में एक शख्स ने अपनी पत्नी का सिर धड़ से अलग कर दिया। इसके बाद इस शख्स ने पुलिस थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। रोंगटे खडी कर देने वाली यह वारदात हैदराबाद की है। आरोपी पति की पहचान परवेज के तौर पर की गई है। आरोप है कि परवेज ने इस खौफनाक हत्याकांड को गुरुवार की रात अंजाम दिया है। परवेज एक पेट्रोल पंप पर काम करता था। बताया जा रहा है कि परवेज अपनी पत्नी समरीन की सत्य-निष्ठा पर शक करता था। इन दोनों की शादी करीब १४ साल पहले हुई थी। इस कपल के तीन बच्चे भी हैं। परवेज और समरीन के बीच अक्सर लडाई होती थी। जिसकी वजह से कुछ वर्ष पहले समरीन अपने पति को छोड.कर चली गई थी। परवेज को शराब पीने की भी बुरी लत थी और समरीन इससे भी काफी परेशान रहती थी।

हालांकि, उस वक्त परिवार के अन्य सदस्यों और रिश्तेदारों के हस्तक्षेप के बाद समरीन और परवेज के बीच सबकुछ ठीक हो गया था। लेकिन अब एक बार फिर इस कपल के बीच लडाई-झगडा शुरू हो गया था। गुरुवार को परवेज शराब पीकर घर लौटा था और उसने समरीन से लडाई शुरू कर दी। आरोप है कि गुस्से में आकर परवेज ने समरीन का गला काट दिया और फिर उसका सिर धड.से अलग कर दिया। इस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद रात करीब २ बजे परवेज स्थानीय पुलिस स्टेशन पहुंचा और उसने यह सरेंडर कर दिया।

इसके बाद पुलिस ने परवेज को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में परवेज के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा ३०२ के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस अब मामले में आगे की कानूनी कार्रवाइयों में जुटी हुई है।

**बैखौफ आतंकी! कश्मीर...** (पृष्ठ 4 का शेष)
की तलाशी की जा रही है। इससे पहले ८ नवंबर को श्रीनगर के बटमालू इलाके में आतंकियों ने गोली मारकर २९ साल के एक पुलिसकर्मी की हत्या कर दी थी। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी में रविवार को एक आतंकवादी ने कायराना हमले में पुलिसकर्मी को शहीद कर दिया। इसी साल १२ सितंबर को भी श्रीनगर के खानयार इलाके में आतंकवादी ने एक पुलिसकर्मी को गोली मार दी थी। आतंकवादी ने प्रोबेशनरी सब-इंस्पेक्टर अर्शद अहमद मीर को पीछे से गोली मारी थी।

**खाड़ी के ६ देशों से घर...** (पृष्ठ 1 का शेष)
के तहत ७,१६,६६२ कर्मचारी खाडी देशों से वापस आए। उन्होंने कहा कि कुल ३,३०,०५८ भारतीय कामगार संयुक्त अरब अमीरात से आए। १,३७,९०० सऊदी अरब से आए। ९७,८०२ कुवैत, ७२,२५९ ओमान, ५१,१९० कतर और २७,४५३ बहरीन से आए।

**पत्रकारों को धमकाने के लिए...** (पृष्ठ 1 का शेष)
पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने पीठ को बताया कि सरकार ने ऑपइंडिया डॉट कॉम नामक समाचार पोर्टल के संपादकों व अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर वपस लेने का फैसला किया है। यह एफआईआर नुपुर शर्मा, अजीत भारती और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई थी। इससे पहले अदालत ने बंगाल में दर्ज एक नई एफआईआर पर आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी।

**सुरक्षा में चूक! वायुसेना का...** (पृष्ठ 1 का शेष)
सुलूर लौट रहे थे। हेलिपैड से १० मिनट की दूरी पर घने जंगलों के बीच हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह खराब मौसम बताया जा रहा है। हादसे की वजह घने जंगल और कम विजिबिलिटी रही। खराब मौसम के दौरान बादलों में विजिबिलिटी कम होने की वजह से हेलिकॉप्टर को कम ऊंचाई पर उड़ान भरनी पड़ी। लैंडिंग पॉइंट से दूरी कम होने की वजह से भी हेलिकॉप्टर काफी नीचे उड़ान भर रहा था। नीचे घने जंगल थे इसलिए क्रश लैंडिंग भी फेल हो गई।

## जींद की किसान नेता ने की बहिष्कार खत्म करने की घोषणा


**चंडीगढ़ :** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) द्वारा किसान आंदोलन समाप्त किए जाने की घोषणा के साथ ही जींद की एक किसान नेता ने कहा कि उन्होंने हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा-जजपा गठबंधन के नेताओं का बहिष्कार खत्म करने का निर्णय लिया है। किसान संगठन के नेताओं ने यह भी कहा कि वे वे केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर अपने साल भर के आंदोलन के बाद अपने घरों को लौटने वाले किसानों का गर्मजोशी से स्वागत और सम्मान करने की तैयारी कर रहे हैं।



किसान नेता सिक्किम देवी ने कहा कि उन्होंने राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जननायक जनता पार्टी (जजपा) के नेताओं का बहिष्कार समाप्त करने का निर्णय लिया है। उन्होंने फोन पर कहा कि हमें अब कोई समस्या नहीं है और भाजपा-जजपा के नेता पहले की तरह अपने कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं।

किसान नेताओं ने केंद्र के तीन कृषि कानूनों के मुद्दे पर भाजपा-जजपा नेताओं के बहिष्कार की घोषणा की थी और सत्तारूढ. गठबंधन के कई नेताओं को पिछले एक साल में विभिन्न आयोजनों के दौरान राज्य में विभिन्न स्थानों पर किसानों के विरोध का सामना करना पडा था।

किसान संगठन के नेताओं ने पहले कहा था कि वे उपमुख्यमंत्री और जजपा नेता दुष्यंत चौटाला को जींद जिले में उनके उचाना विधानसभा क्षेत्र के किसी भी गांव में अपने आंदोलन के तहत किसी भी सार्वजनिक समारोह में प्रवेश नहीं करने देंगे।

# प्रियंका गांधी के दौरे से गोवा में कांग्रेस को झटका, कई नेताओं ने दिए इस्तीफे

**पणजी :** बीते कुछ वक्त से तटीय राज्य गोवा में मुश्किलों का सामना कर रही कांग्रेस को शुक्रवार को एक बार फिर से झटका लगा है। पोरवोरिम विधानसभा सीट के कई नेताओं ने इस्तीफे दे दिए हैं। अहम बात यह है कि ये इस्तीफे शुक्रवार सुबह उस वक्त दिए गए हैं, जब प्रियंका गांधी राज्य के दौरे पर आ रही हैं। इन नेताओं का कहना है कि कांग्रेस राज्य में विधानसभा चुनाव लडने को लेकर सीरियस नहीं दिख रही है। कुछ नेताओं के एटिट्यूड से ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस चुनाव लडने को लेकर गंभीर नहीं है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य गुपेश नायत ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी राज्य में चुनाव को लेकर गंभीर नहीं दिख रही है। अब तक उसने अपनी कोई तैयारी भी शुरू नहीं की है।'

कहा जा रहा है कि इस्तीफा देने वाले नेताओं का गुट निर्दलीय विधायक रोहन खौंटे को समर्थन कर रहा है। दक्षिण



गोवा के सीनियर नेता मोरेनो रेबेलो ने भी कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। अपना इस्तीफा देते हुए रेबेलो ने लिखा है कि वह मौजूदा विधायक एलेक्सियो रेगिनाल्डो को एक बार फिर से टिकट दिए जाने से निराश हैं। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के खिलाफ काम करते रहे हैं और उसके बाद भी कर्टोरिम सीट से उन्हें टिकट दिए जाने से वह नाराज हैं। उन्होंने कहा कि विधायक ने बीते ४.५ सालों में पार्टी के किसी आयोजन में हिस्सा नहीं लिया है और हमेशा पार्टी के नेताओं के खिलाफ बोलते रहे हैं।

उन्होंने गोवा प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष गिरीश चोडनकर को लिखे खत में यह बात कही है। गोवा फॉरवर्ड पार्टी के साथ कांग्रेस का गठबंधन न हो पाने के बाद ये इस्तीफे हुए हैं। पिछले दिनों ही कांग्रेस के नेता रहे पूर्व सीएम लुईजिन्हो फलेरियो ने कई नेताओं के साथ टीएमसी का दामन थाम लिया था। इसके अलावा आम आदमी पार्टी भी लगातार ताल ठोक रही है। ऐसे में कांग्रेस के लिए गोवा में मुश्किल खडी हो गई हैं। एक तरफ भाजपा संगठित नजर आ रही है तो वहीं कांग्रेस आपसी कलह से परेशान है। इसके अलावा सेक्युलर विचारधारा से जुडी कुछ अन्य पार्टियों की सक्रियता ने भी उसे परेशान किया है।

## 'साहित्य शलाका' पुरस्कार से सम्मानित होंगे डॉ.कृपाशंकर मिश्र

**मुंबई :** साहित्यनामा हिंदी मासिक पत्रिका का विशिष्ट राष्ट्रीय पुरस्कार 'साहित्य शलाका' सम्मान २०२१ इस वर्ष वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.कृपाशंकर मिश्र जी को प्रदान किया जाएगा। ज्ञात हो कि डॉक्टर मिश्र जी विगत चार दशकों से हिंदी साहित्य की सेवा कर रहे हैं। कहानी, एकांकी एवं काव्य विधा में इनकी दर्जनों से भी अधिक रचनाएं प्रकाशित हो चुकी हैं। इनके प्रसिद्ध नाट्य काव्य शास्त्र 'रामायणांकन' द्वारा देश के विभिन्न भागों में रामलीला का मंचन होता है।

पिता-पुत्री के संबंधों की मार्मिक रचना 'पखेरू' प्रकाशन के बाद बहुत ही लोकप्रिय रही है। डॉक्टर मिश्र की कालजयी रचना 'रामचरितमानस के भरत' को महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा संत नामदेव स्वर्ण सम्मान से पुरस्कृत किया गया है। हिंदी साहित्य को समृद्ध करने वाली इनकी दो रचनाएं



'स्तुत्य' और 'देवि उर्मिला' शीघ्र प्रकाशित होने वाली हैं।

वेदना (कारुणिक काव्य संग्रह), निशांत, शामिलि, पहुंनाई (आंचलिक काव्य संग्रह), श्रद्धांजलि (समर्पण काव्य), पुरखों में झांकता वर्तमान, गुरु अड़तालीस, अंतर्द्वंद्व इनकी अन्य प्रसिद्ध रचनाएं हैं। इसके अतिरिक्त साहित्यि मासिक पत्रिका 'श्रेयस्कर', और साप्ताहिक 'सच का हिन्दुस्तान' का संपादन करते हैं।

## ऑनलाइन गेम की लत, राजस्थान में १६ वर्षीय नाबालिग ने १२ साल के चचेरे भाई को मार डाला

**जयपुर :** मोबाइल पर ऑनलाइन गेम के कई साइड इफेक्ट्स सामने आए हैं। ताजा घटना भी बेहद चौंकाने वाली है। यह घटना है राजस्थान के नागौर जिले की। यहां पर एक १६ वर्षीय किशोर मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलते-खेलते कर्ज में डूब गया। इस कर्ज से छुटकारा पाने के लिए उसने जो रास्ता अख्तियार किया, उसे सुनकर हर किसी के रोंगटे खडे हो जाएंगे। युवक ने अपने चचेरे भाई की हत्या कर डाली और कर्ज उतारने के लिए चाचा से फिरौती की मांग कर डाली।

पुलिस के मुताबिक नागौर जिले के लाडनूं थाना क्षेत्र के धुडीला गांव के १६ वर्षीय किशोर को ऑनलाइन गेम खेलने की लत लग गई। यह गेम खेलते-खेलते वह कब कर्ज में डूब गया उसे पता भी नहीं चला। वह कर्ज उतारने का रास्ता तलाश ही रहा था कि उसके दिमाग में एक खतरनाक योजना ने जन्म दिया। इसके तहत उसने अपने चचेरे भाई १२ वर्षीय प्रवीण शर्मा को जान से मार डाला। इसके बाद उसे जमीन के नीचे गाड़ दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी किशोर ने हत्या को अंजाम देने के बाद चचेरे भाई के अपहरण की कहानी गढी। फर्जी आईडी से सिम लेकर असम में रहने वाले अपने चाचा को संदेश भेजा। उसने अपने चाचा से पांच लाख रुपए की फिरौती मांगी। उसकी योजना थी कि इन पैसों से वह उस कर्ज को चुका देगा जो ऑनलाइन गेम खेलने में उसके ऊपर चढ़ गया है।

उधर नाबालिग के गायब होने की एफआईआर पर पुलिस सक्रिय हो गई। जांच में पुलिस के शक की सुई आरोपी पर आकर ठहर गई। पुलिस ने उसकी मोबाइल को सर्विलांस पर लगा दिया। पुलिस ने मोबाइल के लोकेशन और फोन कॉल के आधार पर आरोपी तक पहुंची और उसने उसे पकडा, जिसके बाद हत्या की गुत्थी का खुलासा हुआ। थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी भाई द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर मृतक चचेरे भाई प्रवीण का शव निकाला गया। आरोपी नाबालिग किशोर को हिरासत में लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## बैखौफ आतंकी! कश्मीर के बांदीपोरा में किया हमला, पुलिस के दो जवान शहीद




**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में आतंकवादियों ने पुलिसकर्मियों पर हमला किया है। इस हमले में दो पुलिसकर्मियों मोहम्मद सुल्तान और फयाज अहमद शहीद हो गए हैं। आतंकियों ने उस वक्त यह हमला किया, जब पुलिस टीम बांदीपोरा जिले में स्थित गुलशन चौक पर तैनात थी। इस घटना के बाद इलाके को घेर लिया गया है और आतंकवादियों की तलाश कीजा रही है। फिलहाल इस बारे में और अधिक जानकारी का इंतजार है।

बांदीपोरा में शुक्रवार शाम गुलशन चौक पर आतंकवादियों ने पुलिस टीम पर अचानक फायरिंग कर दी। गोलीबारी में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। इन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया है और आतंकियों (पृष्ठ 3 पर)

## नाबालिग का दो साल तक युवक करता रहा रेप, दोस्तों ने अश्लील वीडियो बनाकर सोशल साइट पर किया वायरल

**काशीपुर (उत्तराखंड) :** क्षेत्र की एक नाबालिग से दो साल तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। यही नहीं आरोपी युवक के दो दोस्तों ने भी नाबालिग को ब्लैकमेल किया। साथ ही उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आईटीआई थाना क्षेत्र की एक १७ वर्षीय नाबालिग ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई।

कहा ग्राम गुलरिया निवासी सादिक



अली उर्फ बबलू पुत्र आबिद अली का उसके साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस दौरान सादिक ने शादी का झांसा देकर कई बार उससे दुष्कर्म किया। उसने उसका अश्लील फोटो और वीडियो भी बनाया। दो साल तक दुष्कर्म के बाद वह कहीं बाहर नौकरी करने चला गया। जाने के बाद उसने यह वीडियो अपने दो दोस्तों जावेद अली पुत्र अबरार और आस मोहम्मद पुत्र हसनैन अली को दे दिया।

आरोप है इन दोनों ने वह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। साथ ही रास्ते में आते जाते उसके साथ छेडख़ानी करने लगे। पुलिस ने नाबालिग की तहरीर पर तीनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपियों की तलाश कर रही है।

मालक, मुद्रक, प्रकाशक **वसिम जे. खान** ने शिरनाजी प्रिंट, एम.एल. कॅम्प, चेंबूर, मुंबई-४०० ०८९ से छपवाकर, प्लॉट नं. २५/डी/१, शिवाजी नगर, गोवंडी, मुंबई-४०० ०४३ से प्रकाशित किया। संपादक : **वसिम जे. खान** (मो. ७०२१४२५४४२) **RNI No. : MAHHIN/2011/24374**
**E-mail : harpaltimes.press@gmail.com** (इस अंक में प्रकाशित लेखों एवं खबरों से संपादक एवं संचालक का सहमत होना आवश्यक नहीं। किसी भी विवाद के लिए न्यायक्षत्र मुंबई होगा।)